# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांकः 02.09.2025

## प्रकाशनार्थ

**दिनांक 02.09.2025 गोरखपुर। महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय में इंडक्शन प्रोग्राम (अभिविन्यास कार्यक्रम) का आयोजन किया गया जिसमें बी.कॉम प्रथम वर्ष एवं एम.कॉम प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं ने सहभाग किया।**

**कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि** विद्यार्थियो को उच्च–गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना नई शिक्षा निति का प्रमुख उद्देश्य है जिससे विद्यार्थियो को ऐसे व्यावहारिक और व्यावसायिक कौशल से लैस करना जो उन्हें रोजगार और उद्योगों में आगे बढ़ने में मदद करें तथा महाविद्यालय में उपलब्ध गैर शैक्षणिक गतिविधियों से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया।

**वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ. संजीव कुमार सिंह ने छात्र–छात्राओं को महाविद्यालय के विजन, मिशन, मूल्य, संस्कृति और लोकाचार के बारे में चर्चा की।**

विभाग के वरिष्ठ शिक्षक डॉ संजय कुमार त्रिपाठी ने संस्थान की विभिन्न इकाइयों जैसे एन.सी.सी., एन.एस.एस., रोवर्स रेंजर्स, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास और छात्रवृत्ति संबंधित जानकारी दी।

डॉ चंडी प्रसाद पांडेय ने अनुशासन से संबंधित नियमों की विस्तार से व्याख्या की। श्री दीपक कुमार साहनी ने महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की गतिविधियों से छात्र–छात्राओं को अवगत कराया। विभाग की शिक्षिका श्रीमती रानी द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा में अनुशासन बहुत ही आवश्यक है। डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियो को निःसंकोच होकर शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. अभय कुमार मालवीय ने छात्र–छात्राओं को उनके लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

**डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)**
**प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क**